आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 27.03.2020

आरेडिका में बनाये जा रहे कर्मचारियों के लिए सेनीटाईजर और मास्क

कोरोना वायरस से लड़ने मे और इसकी रोकथाम के लिए सरकार एवं WHO द्वारा सोसल डिस्टेंसिंग के साथ उत्तम स्वछता बनाये रखने के लिए सलाह दी गई है। रोग से बचाव के लिए साबुन एवं सेनेटाईजर द्वारा हाथों की स्वछता की अहम भूमिका है। पूरे देश के कोने –कोने में इस वक्त मॉग की अधिकता के कारण सेनीटाईजर की उपलब्धता लगभग न्यून हो गई है।

आरेडिका प्रशासन ने इस कमी को पूरा करने के लिए अपनी फैक्ट्री में ही इसे बनाने का फैसला लिया है। गुणवत्ता विभाग के अंतर्गत फैक्ट्री में स्थित M&C लैब में 200 ML की बोतलों में सेनीटाईजर उपलब्ध कराया जा रहा है। आइसो प्रोपायिल अल्कोहल, ग्लिसरीन, हाइड्रोजन पर ऑक्साइड एवं डिसटिल वाटर का प्रयोग कर निर्धारित मात्रा में मिश्रण से सेनीटाइजर बनाया जा रहा है।

महाप्रबंधक ने कहा की आरेडिका में रह रहे सभी कर्मचारी परीवारों को प्रति परिवार 200 ML का डिस्पेंसर प्रदान किया जाएगा और सभी फ्रंट लाईन स्टाफ जैसे सुरक्षा, वितरण प्रणाली और आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों को मुहैया कराया जायेगा।

साथ ही साथ आरेडिका के तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र में मास्क बनाने का भी कार्य किया जा रहा है। संबंधित कर्मचारियों को मास्क की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु मलमल और खादी कपड़े के प्रयोग से तीन परत वाले मास्क बनाये जा रहे हैं। सिलाई के लिए कर्मचारी और उनके परिवार स्वेच्छिक रुप से सामने आ कर संकट की इस घड़ी में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। महाप्रबंधक ने आरेडिका परिवार की इस पहल की सराहना की और कहा की मुश्किल वक्त में सभी के साथ और पारस्परिक समन्वय बहुत महत्वपूर्ण होता है जिसका परिचय आरेडिका परिवार समय–समय पर देता रहा है।

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी